# शिकायतों की हकीकत परखने सड़क पर उतरे कमिश्नर

## जांच में खुली जलकल की पोल, चोक सीवर व जर्जर मेनहोल देखकर नाराज हुए मंडलायुक्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बुधवार को जलकल विभाग के ऐशबाग स्थित कार्यालय का औचक निरीक्षण कर शिकायत निस्तारण व्यवस्था की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान लंबित शिकायतों का अंबार, फर्जी निस्तारण के मामले और सीवर व्यवस्था की गंभीर खामियां सामने आने पर उन्होंने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। कर्मचारियों की उपस्थिति और अवकाश स्वीकृति में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।



निरीक्षण में सामने आया कि दूरभाष के माध्यम से प्राप्त 232 शिकायतें सात दिन से अधिक समय से लंबित हैं। इनमें 01 फरवरी 2025 से लंबित सबसे पुरानी शिकायत भी शामिल है, जबकि छह शिकायतें वर्ष 2025 से अब तक लंबित पाई गईं। इसके अलावा नगर निगम से प्राप्त 847 लंबित शिकायतों में 357 शिकायतें सात दिन से अधिक समय से लंबित मिलीं। मंडलायुक्त ने शिकायतों की समीक्षा के दौरान पाया कि जोनल मैनेजर सुएज योगेश सिंह के स्तर पर 110 शिकायतें लंबित हैं, जिनमें 31 री-ओपन शिकायतें शामिल हैं। वहीं जेई डी.बी. सिंह के स्तर पर 52 शिकायतें लंबित मिलीं, जिनमें 21 री-ओपन शिकायतें हैं। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। शिकायतों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए मंडलायुक्त ने कंट्रोल रूम से ही कई शिकायतकर्ताओं से फोन पर बातचीत की। बातचीत में यह सामने आया कि कई मामलों में शिकायतों को निस्तारित दिखा दिया गया था, जबकि समस्या का समाधान नहीं हुआ था। इस पर उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि केवल कागजों पर शिकायत बंद करने की प्रवृत्ति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए मंडलायुक्त स्वयं अलीगंज के सेक्टर-एच स्थित केंद्रीय भवन रोड पहुंचे और एक री-ओपन शिकायत का स्थलीय सत्यापन किया। मौके पर सीवर लाइन पूरी तरह चोक मिली तथा कई मेनहोल क्षतिग्रस्त और जर्जर अवस्था में पाए गए, जिससे बारिश के दौरान जलभराव और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने मेनहोलों के ढक्कन खुलवाकर सीवर व्यवस्था की जांच कराई और संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने सभी चोक सीवर लाइनों की तत्काल सफाई, क्षतिग्रस्त मेनहोलों के शीघ्र प्रतिस्थापन तथा संवेदनशील क्षेत्रों की सूची बनाकर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समीक्षा में यह भी सामने आया कि दूरभाष के माध्यम से प्राप्त सैकड़ों शिकायतें कई दिनों से लंबित हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि नागरिकों को वास्तविक राहत दिलाने का माध्यम होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को निस्तारण का प्रमुख आधार बनाया जाए। मंडलायुक्त ने चेतावनी दी कि वर्षा ऋतु में सीवर ओवरफ्लो, जलभराव या क्षतिग्रस्त मेनहोल के कारण किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी।

**कर्मचारी बिना सूचना अनुपस्थित, फिर भी सीएल मंजूर :** सबसे पहले मंडलायुक्त ने उपस्थिति पंजिका और अवकाश पंजिका का परीक्षण किया। जांच में पाया गया कि अनुपस्थित कर्मचारियों को नियमित रूप से आकस्मिक अवकाश (सीएल) स्वीकृत कर दिया जाता है। 5 जून की उपस्थिति पंजिका की जांच में सामने आया कि दो कर्मचारी विलंब से कार्यालय पहुंचे थे, जबकि एक कर्मचारी बिना पूर्व सूचना आधे दिन तक अनुपस्थित रहा, इसके बावजूद तीनों को सीएल स्वीकृत कर दी गई। इस पर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि अनुशासनहीनता और अनधिकृत अनुपस्थिति के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा जिम्मेदारी तय की जाए। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि कर्मचारियों के क्षेत्रीय भ्रमण और फील्ड निरीक्षण का कोई पृथक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है।

# कृष्णानगर में अवैध निर्माण में साठगांठ

## सहायक अभियंता व अवर अभियंता को नोटिस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को अवैध निर्माण के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सुपरवाइजर को निलम्बित कर दिया है। आरोपी सुपरवाइजर पर अपने क्षेत्र में हो रहे एक अवैध निर्माण के प्रति लापरवाही बरतने और निर्माणकर्ता के साथ साठगांठ रखने के आरोप लगे थे। इस मामले में सहायक अभियंता व तत्कालीन अवर अभियंता से भी जवाब तलब किया गया है।

आलमबाग निवासी प्रेम शंकर शर्मा की ओर से कृष्णानगर मेट्रो स्टेशन के पास लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। प्रेम शंकर द्वारा प्रार्थना पत्र देते हुए बताया गया कि प्रवर्तन जोन-3 में तैनात सुपरवाइजर अली नकवी रिजवी ने वर्ष 2025 में स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य रूकवा दिया। इसके बाद निर्माण कार्य पुनः शुरू कराने के एवज में रूपयों की मांग की। प्रेम शंकर ने आरोप लगाया कि रुपए देने के बाद भी सुपरवाइजर ने निर्माणाधीन भवन की नोटिस कराकर 20 मई, 2026 को परिसर को सील करवा दिया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच करवायी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सुपरवाइजर अली नकवी रिजवी ने अवैध निर्माण को रोकने का समुचित प्रयास नहीं किया। जिससे सुपरवाइजर और निर्माणकर्ता के बीच साठगांठ की संभावना प्रतीत होती है।

## होटल-रेस्त्रां की जांच में पकड़ी गड़बड़ी

**लखनऊ।** एलडीए व अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को भी शहर में अभियान चलाकर होटलों में अग्निशमन मानकों की जांच की। इस दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में अनियमितता उजागर हुयी है, जिनके खिलाफ कार्रवाई प्रचलित की जा रही है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने दिल्ली में होटल में आग से हुये दर्दनाक हादसे के दृष्टिगत शहर में बहुमंजिला इमारतों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच के आदेश दिये हैं। जिसके लिए एलडीए के प्रवर्तन व अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम गठित की गयी है। बुधवार को ज्वाइंट टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर बहुमंजिला भवनों में संचालित होटलों व रेस्त्रां की जांच की। अपर सचिव डी0पी0 त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार व एफएसओ ने टीम के साथ निराला नगर में अभियान चलाया। जिसमें होटल सैंडस्टोन, होटल रेनेंट, होटल गोल्डन ऑर्किड, होटल नेक्टर इन, रघुवीर पैलेस, कपूर्स होटल इन, रेनबो गोल्ड इन में निरीक्षण किया गया। इसमें कुछ प्रतिष्ठानों में स्वीकृत मानचित्र के सापेक्ष स्थल पर हुये निर्माण में आंशिक विचलन पाया गया। जिस पर होटल मालिकों/प्रबंधक को नोटिस भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा 03 होटल प्रबंधक मौके पर स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत नहीं कर सके। उनसे 03 दिन में स्वीकृत भवन मानचित्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

# एलएसए के सफाईकर्मियों ने वेतन कटौती को लेकर प्रदर्शन

विशेष संवादाता (vol)

- सुपरवाइजर पर नौकरी से निकालने की धमकी देने का आरोप

**लखनऊ।** चिनहट में लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) कंपनी के सफाई कर्मचारियों ने वेतन कटौती और नौकरी से निकालने की धमकी के विरोध में हंगामा किया। कर्मचारियों ने कंपनी के सुपरवाइजर अविनाश राजपूत पर तानाशाही रवैया अपनाने और वेतन से दो हजार रुपये काटने का आरोप लगाया।

बुधवार को गोमती नगर स्थित दयाल चौराहे के पास कंपनी के कार्यालय पर बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी पहुंच गए और कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों का आरोप था कि बिना किसी स्पष्ट कारण के उनके वेतन से 2000 रुपये की कटौती की गई है। विरोध करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जा रही है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारी झाड़ू लेकर सड़क पर उतर आए और दयाल पैराडाइज के पास विकासखंड इलाके में सड़क जाम कर दी। सड़क जाम होने से यातायात प्रभावित रहा और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वेतन कटौती वापस लेने की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी शिकायत सुनी। पुलिस ने मामले के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी कर्मचारी शांत हुए और सड़क जाम समाप्त कर दिया।

एलएसए कंपनी के प्रोजेक्ट हेड अभय रंजन ने बताया कि दो सफाई कर्मचारियों के बीच विवाद हुआ था। इसी को लेकर स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। उन्होंने कहा कि मामले को समझाकर शांत करा दिया गया है और फिलहाल स्थिति सामान्य है।

# हुसैनाबाद क्षेत्र में विकसित होगी पार्किंग, संचालन व रखरखाव करेगा ट्रस्ट

विशेष संवाददाता (vol)

- फूड कोर्ट लजीज गली से ट्रस्ट को मिलेगा 50 प्रतिशत राजस्व हिस्सा



**लखनऊ।** हुसैनाबाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार लाए जाने के उद्देश्य से हुसैनाबाद एवं सम्बद्ध ट्रस्ट तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के संयुक्त सहयोग से इमामबाड़े के निकट एक सुव्यवस्थित एवं आधुनिक पार्किंग व्यवस्था विकसित की जा रही है।

इमामबाड़ा क्षेत्र ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, पर्यटक एवं स्थानीय नागरिक आते हैं। वर्तमान समय में वाहनों की अत्यधिक संख्या के कारण मुख्य मार्गों एवं इमामबाड़े के आसपास यातायात जाम की समस्या उत्पन्न होती रही है, जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं के समाधान एवं क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए जाने के उद्देश्य से नई पार्किंग व्यवस्था विकसित की जा रही है। इस परियोजना के पूर्ण होने के उपरांत इमामबाड़े के आसपास अनावश्यक वाहन दबाव में कमी आएगी तथा पर्यटकों एवं आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि उक्त पार्किंग व्यवस्था का निर्माण एलडीए एवं हुसैनाबाद ट्रस्ट के पारस्परिक सहयोग से कराया जा रहा है, जबकि पार्किंग का संचालन, प्रबंधन एवं रखरखाव हुसैनाबाद एवं सम्बद्ध ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि इमामबाड़े के निकट विकसित फूड कोर्ट लजीज गली परियोजना का निर्माण एलडीए द्वारा कराया गया है।

इस परियोजना से प्राप्त होने वाले आय के रेवेन्यू शेयरिंग के बारे हुसैनाबाद एवं सम्बद्ध ट्रस्ट की ओर से उठाये गए बिंदु के संबंध में एलडीए द्वारा यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है कि फूड कोर्ट एवं लजीज गली से प्राप्त होने वाले वार्षिक लाभ का 50 प्रतिशत हिस्सा हुसैनाबाद एवं सम्बद्ध ट्रस्ट को उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं जनसुविधाओं के विकास संबंधी कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। साथ ही पर्यटकों एवं आमजन की सुविधा हेतु हुसैनाबाद ट्रस्ट द्वारा बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, पिक्चर गैलरी, नवाब सदातअली का मकबरा एवं सतखंडा में ऑनलाइन टिकटिंग व्यवस्था प्रारंभ की गई है।

अब पर्यटक घर बैठे टिकट बुक कर सकते हैं, जिससे लंबी कतारों से राहत मिलने के साथ व्यवस्था अधिक सुगम एवं पारदर्शी हुई है। इसी क्रम में लंबे समय से बंद ऐतिहासिक सतखंडा का रिनोवेशन कर उसे पुनः जनता के लिए खोला गया है, जिससे पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिली है।

व्यवस्थाओं में अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के लिए कर्मचारियों के लिए हुसैनाबाद ट्रस्ट की ओर से यूनिफार्म भी निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त हुसैनाबाद जामा मस्जिद के समीप गुसलखाने का नवनिर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि कर्बला मलका अफाक साहिबा, खदरा में वॉल पेंटिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं शाही मस्जिद हजरतगंज में स्वच्छ जल की उपलब्धता हेतु नए सबमर्सिबल पंप और बोरिंग का कार्य किया गया है। ये सभी कार्य हुसैनाबाद ट्रस्ट के सहयोग एवं पर्यवेक्षण में संचालित किए जा रहे हैं।

## विकास कार्यों की गुणवत्ता पर नगर आयुक्त सख्त

**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बुधवार को कुकरैल नदी, मनोरथ गोशाला, नालों, सीवर व्यवस्था और अटल बिहारी वाजपेयी डिग्री कॉलेज में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी जांच कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने कुकरैल नदी के समता मूलक चौराहे से खुर्रम नगर चौराहे तक दोनों किनारों का जायजा लिया। नदी में जमा कचरे और फ्लोटिंग मटेरियल को तत्काल हटाने के निर्देश देते हुए उन्होंने जोन-3, जोन-4 और जोन-7 की टीमों को विशेष सफाई एवं सौंदर्यीकरण अभियान चलाने को कहा। मनोरथ गोशाला में निर्माणाधीन सड़क, शेड और बाउंड्री वॉल के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी कार्य 20 दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की थर्ड पार्टी एजेंसी से जांच कराने का आदेश भी दिया। नगर आयुक्त ने मानसून को देखते हुए नालों की नियमित सफाई, जल निकासी व्यवस्था और सीवर समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। डी-ब्लॉक में निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण कर वैकल्पिक जल निकासी व्यवस्था बनाए रखने को कहा। इसके अलावा अटल बिहारी वाजपेयी डिग्री कॉलेज में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम एवं कक्षों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने और समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## महाराजा लाखन पासी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

**लखनऊ।** ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और महाराजा लाखन पासी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर बुधवार को सुहेलदेव आर्मी के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम मुख्यालय, लालबाग पर प्रदर्शन किया। इसके बाद संगठन के प्रतिनिधियों ने प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपकर विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों के सर्वेक्षण, संरक्षण और सौंदर्यीकरण की मांग की। कार्यकताओं ने मांग की कि लखनऊ के संस्थापक माने जाने वाले महाराजा लाखन पासी से जुड़े किले और अन्य ऐतिहासिक स्थलों का सर्वे कराया जाए तथा अतिक्रमण हटाकर उन्हें पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। साथ ही महाराजा लाखन पासी की 20 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित कर उनके योगदान को सम्मान देने की मांग भी की गई। ज्ञापन में मलिहाबाद स्थित महाराजा कंस पासी की विरासत, नगराम स्थित महाराजा नल पासी के किले और महाराजा बिजली पासी किला परिसर के संरक्षण एवं विकास की मांग भी उठाई गई। संगठन ने इन स्थलों का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने तथा उन्हें सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने लालबाग तिराहे पर स्थापित महाराजा सुहेलदेव पासी की प्रतिमा के नाम पट्ट में आवश्यक संशोधन किए जाने की भी मांग रखी। उनका कहना था कि समाज के महापुरुषों के इतिहास और योगदान का संरक्षण प्रशासन की जिम्मेदारी है। सुहेलदेव आर्मी ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा।

# मेडिकल कॉलेजों में धर्मांतरण रोकने के लिए विशेष सेल गठित करने के निर्देश

- केजीएमयू-पीजीआई में घटना के बाद सभी कॉलेजों में रोकथाम की योजना

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में रेजिडेंट डाक्टर और पीजीआई में कर्मचारी की बेटी से जुड़े कथित धर्मांतरण प्रकरण को राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने गंभीरता से लिया है। भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रदेश के सभी मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में धर्मांतरण रोकथाम सेल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी संबद्ध कॉलेजों को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी डा. सुधीर एम बोबड़े की ओर से विश्वविद्यालय को पत्र भेजकर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति डा. अमित देवगन के निर्देश पर कुलसचिव ने सभी संबद्ध मेडिकल और डेंटल कॉलेजों को पत्र जारी किया है, जिसमें कॉलेजों को अपने संस्थानों में धर्मांतरण से जुड़े मामलों की रोकथाम के लिए एक विशेष सेल गठित करने को कहा गया है। यह सेल विद्यार्थियों, डाक्टरों और कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के साथ किसी भी संदिग्ध गतिविधि की निगरानी करेगा। इसके अलावा कॉलेज प्रशासन को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं, इसमें छात्रों और कर्मचारियों को नियमों, अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का उद्देश्य है कि शैक्षणिक संस्थानों में स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण बना रहे। केजीएमयू और पीजीआई से जुड़े कथित धर्मांतरण मामलों ने चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे। इसके बाद शासन स्तर पर इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी कॉलेजों से जल्द सेल गठित कर उसकी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। राज्यपाल के निर्देश के बाद प्रदेश के मेडिकल संस्थानों में धर्मांतरण से जुड़े मामलों को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

## लारी में अधिक स्टेंट लगाने की जांच की जांच पूरी, नहीं मिली अनियमितता

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कार्डियोलॉजी विभाग में आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को तय सीमा से अधिक स्टेंट लगाए जाने के मामले की जांच पूरी हो गयी है। जांच समिति ने रिकॉर्ड की पड़ताल के बाद किसी भी तरह की वित्तीय या प्रशासनिक अनियमितता नहीं पायी है। समिति ने माना कि पांच-पांच स्टेंट लगाए गए मरीजों की स्थिति गंभीर थी। इलाज के लिए यह जरूरी था। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह की अध्यक्षता वाली समिति ने पिछले छह माह के रिकॉर्ड की जांच की, इसमें तीन से अधिक स्टेंट वाले मामलों को विशेष रूप से देखा गया। रिपोर्ट के अनुसार पिछले छह महीनों में करीब चार हजार एंजियोप्लास्टी हुई, जिनमें केवल 12 मरीज ऐसे मिले जिन्हें पांच स्टेंट लगाए गए। समिति के मुताबिक जटिल ब्लॉकेज वाले मरीजों में कई बार एक ही धमनी में एक से अधिक स्टेंट लगाने की जरूरत पड़ती है।

## केजीएमयू में कथित दवा घोटाले की जांच पूरी

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के यूरोलॉजी विभाग में करोड़ों रुपये के कथित दवा घोटाले और नेत्र रोग विभाग में मरीजों को चहेते मेडिकल स्टोर से लेंस व दवाएं मंगाने के मामले की जांच पूरी हो गई है। केजीएमयू प्रशासन ने दोनों प्रकरणों की जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी है। शासन की ओर से मांगे गए 20 बिंदुओं पर जवाब के साथ करीब तीन पेज की रिपोर्ट भेजी गई है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने केजीएमयू प्रशासन से दोनों मामलों में विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। इसके बाद शासन स्तर पर मामले की पड़ताल के लिए कमेटी गठित की गई थी। कमेटी में चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा शिक्षा विभाग के विशेष सचिव रवि रंजन को सदस्य बनाया गया था।

# टीबी अस्पताल को नयी इमरजेंसी निर्माण को मंजूरी, नयी लॉन्ड्री की शुरू

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ठाकुरगंज स्थित टीबी एवं संयुक्त अस्पताल में नयी इमरजेंसी वार्ड निर्माण कार्य की मंजूरी मिल गई है। अब मरीजों को जल्द नई इमरजेंसी में इलाज सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिसमें इमरजेंसी वार्ड बिल्डिंग का ग्राउंड फ्लोर से लगाकर तीन मंजिल बनाने की शासन से अनुमति मिली है, जिसे कायादार्यी संस्था को निर्माण कार्य के लिए सौंप दिया गया है। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आनंद त्रिपाठी ने बताया कि इमरजेंसी वार्ड बिल्डिंग का निर्माण कार्य के लिए मंजूरी मिल गयी है, जिसमें तीन फ्लोर का निर्माण कार्य होना है, इससे मरीजों को और बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी। उन्होंने बताया सरकार मरीजों के उपचार के लिए निरंतर सुविधाओं में बढ़ोतरी करने में युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। निर्माण कार्य को लेकर इमरजेंसी वार्ड को अलग शिफ्ट करने की प्रक्रिया भी चल रही है। जिससे निर्माण कार्य समय से पूरा हो सके। अस्पताल परिसर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर आनंद त्रिपाठी ने नयी लॉन्ड्री मशीन का उद्घाटन किया गया। डा. त्रिपाठी ने बताया कि अस्पताल परिसर में नई लॉन्ड्री मशीन स्थापित कर दी गयी है। यह लॉन्ड्री मशीन अत्याधुनिक तकनीकी से लैस है। यह मशीन कपड़े धुलाई से लेकर एक साथ 25 कपडे धुलाई करने में सक्षम है, इसमें धुलाई के साथ कपड़े सुखा कर और स्टीम प्रेस कर एक घंटे में तैयार करके दे देगी। इसमें स्टीम प्रेस लगा हुआ है जो कपड़ा प्रेस करके तैयार कर देगी। इसके अलावा अस्पताल में 6 बेड का आईसीयू बेड का वार्ड बनकर तैयार होने को है।

## रस्तोगी परामर्श में रक्तदान शिविर आज

**लखनऊ।** खाला बाजार स्थित रस्तोगी परामर्श केन्द्र पर बृहस्पतिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना रहेंगे और रक्तदाताओं को सम्मानित करेंगे। केन्द्र के संस्थापक हरि जीवन रस्तोगी ने बताया कि सुबह 10 बजे शुरू होने वाले शिविर में एसजीपीजीआई की टीम ब्लड कलेक्शन में सहयोग देगी। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में केजीएमयू के पेरीडेंटल विभाग के प्रो. पवित्र रस्तोगी भी भाग लेंगे।

## केजीएमयू टेंडर नवीनीकरण में अनियमितताओं के आरोप

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में टेंडरों के नवीनीकरण में अनियमितताओं के आरोपों पर शासन ने सख्ती दिखायी है। मुख्य सचिव ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को जांच के आदेश दिए हैं। जांच 15 दिन में पूरी कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं। आरोप है कि कई कंपनियों को नियमों के खिलाफ टेंडर विस्तार दिया गया। केजीएमयू में टेंडरों के नवीनीकरण में आरोपों पर शासन ने सख्ती दिखायी है। अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष को जांच के आदेश दिए हैं। 15 दिन के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। टेंडर नवीनीकरण के नाम पर कथित अनियमितताओं का मामला शासन तक पहुंच गया है। आरोप है कि कई विभागों में टेंडर खत्म होने के अंतिम समय में कंपनियों को नियमों को दरकिनार कर विस्तार दिया गया। केजीएमयू में कई सेवाओं से जुड़े टेंडर समाप्त होने वाले थे लेकिन समय रहते नये टेंडर की प्रक्रिया नहीं की गयी। नियमानुसार टेंडर खत्म होने से करीब तीन महीने पहले नयी प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। इसके बावजूद कई कंपनियों को पुराने टेंडर पर ही आगे काम करने की अनुमति दी गयी। जांच में देखा जाएगा कि किन-किन टेंडरों का नवीनीकरण हुआ, किन नियमों के तहत विस्तार दिया गया। प्रक्रिया में किसी तरह की अनियमितता या पक्षपात तो नहीं हुआ।

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा : अभ्यर्थियों के लिए विशेष रेलगाड़ी का संचालन

**लखनऊ।** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की वापसी के दौरान अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 4 विशेष रेलगाड़ियों की व्यवस्था की गई। साथ ही यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन पर विशेष प्रबंध किए गए हैं। बुधवार को लखनऊ स्टेशन से विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया गया है। इन सभी गाड़ियों मे 22 कोच है। गाड़ी संख्या 04202 लखनऊझ अयोध्या कैंट - वाराणसी, गाड़ी संख्या 04206 लखनऊझअयोध्या कैंट-वाराणसी, गाड़ी संख्या 04208 लखनऊ-रायबरेली-प्रयागराज, गाड़ी संख्या 04201 लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-झांसी शामिल हैं। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने लखनऊ स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफॉर्मों, प्रवेश एवं निकास द्वारों, टिकटिंग व्यवस्था तथा यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक नीलिमा सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता, स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों में अभी कई सीटें खाली : लखनऊ।** रेल प्रशासन की ओर यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन 10 जुलाई तक किया जाएगा। गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 20 जून को, 27 जून, 4 जुलाई को बर्थ उपलब्ध हैं। मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 18 जून, 25 जून, 2 जुलाई को तथा 9 जुलाई को बर्थ उपलब्ध हैं। इसी प्रकार गोरखपुर से चलने वाली 04315 गोरखपुर-योगनगरी ऋषिकेश विशेष गाड़ी में 01 जुलाई, 8 जुलाई को बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 05193 छपरा-पठानकोट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 6 जुलाई को बर्थ उपलब्ध हैं। गाजीपुर सिटी से चलने वाली 01432 गाजीपुर सिटी-हडपसर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 28 जून, 2 जुलाई, 5 जुलाई को तथा 09 जुलाई को बर्थ उपलब्ध है।

# 8600 से अधिक श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर आयोजित 59वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा मंगलवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीरामलला, हनुमानगढ़ी एवं अन्य पवित्र स्थलों के दर्शन कराए गए। वर्ष 2022 में शुरू हुई इस पहल के तहत अब तक 150 बसों के माध्यम से 8600 से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम पहुंचकर दर्शन कर चुके हैं।

यात्रा विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निःशुल्क संचालित की जा रही है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन, जलपान, चिकित्सा सहायता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं को गीता एवं प्रसाद भी वितरित किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि रामरथ यात्रा का उद्देश्य केवल तीर्थ दर्शन कराना नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के आदर्शों, सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना भी है।

# किसानों ने मुख्यमंत्री व विधायक के प्रति जताया आभार



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर क्षेत्र के किसानों को भूमि अधिग्रहण के बदले मिले सम्मानजनक मुआवजे और सर्किल रेट में वृद्धि के उपलक्ष्य में आयोजित किसान धन्यवाद सभा में किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। सभा में किसानों ने कहा कि विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों से सरोजनीनगर के किसानों को प्रदेश में सर्वाधिक एवं सम्मानजनक मुआवजा प्राप्त हुआ है। किसानों ने इसे सरकार की किसान हितैषी नीतियों और जनप्रतिनिधि के सतत प्रयासों का परिणाम बताया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान, एसीपी राजेश वर्मा, तहसीलदार तथा विधायक प्रतिनिधि इंजीनियर अजीत सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर हाईस्कूल में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा श्वेता गौतम को लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। वहीं दिवंगत किसान प्रताप सिंह के परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 06.07.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 00522026 दिनांक 08.06.2026 |
| 2. | निविदा संख्या | 03-Sr-DEN-V-LKO-2026-27 |
| 3. | कार्य का नाम | Sr-DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में ADEN-II-LKO के अंतर्गत LKO-ML-SFH सेक्शन के बीच अलग–थलग जगहों पर रेलवे सीमा के साथ बाउंड्री वॉल का निर्माण, ताकि अतिक्रमण को रोका जा सके। (प्रा. सं. 120–2026)। |
| 4. | अनुमानित लागत | रू 4,41,57,365.39 |
| 5. | धरोहर राशि | रू 8,83,200.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 22.06.2026 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 06.07.2026 को 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट–:1 निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1979/26

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# विजिलेंस ने कांग्रेस के पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव को किया गिरफ्तार

- एनआरएचएम घोटाले में भी है आरोपी, की गयी लंबी पूछताछ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) ने बहुचर्चित एनआरएचएम घोटाले में आरोपी कांग्रेस के पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को आय से अधिक संपत्ति जुटाने के मामले में लखनऊ स्थित वेब माल से गिरफ्तार किया है। सपा सरकार में 2012 से 2017 तक बहराइच की पयागपुर सीट से विधायक रहे मुकेश श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल के दौरान आय से 67 लाख रुपये अधिक जुटाए थे। विजिलेंस की खुली जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी मामले में पूर्व विधायक को गिरफ्तार किया गया।

**विजिलेंस द्वारा चल रही जांच :** विजिलेंस आरोपी मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध एनआरएचएम घोटाले में श्रावास्ती, बलरामपुर व गोंडा में दर्ज अलग-अलग तीन मामलों में भी जांच कर रही है। उससे इन तीनों मामलों को लेकर भी लंबी पूछताछ की गई। एनआरएचएम घोटाले में भी पूर्व विधायक की मुश्किलें जल्द बढ़ना तय माना जा रहा है। एनआरएचएम घोटाले में पूर्व विधायक के विरुद्ध सीबीआई ने भी कार्रवाई की थी। विजिलेंस के अनुसार बहराइच निवासी आरोपी मुकेश श्रीवास्तव के विधायक रहने के दौरान छह मार्च 2012 से 11 मार्च 2017 के मध्य कुल आय और व्यय की जांच की गई।

**जांच के परिणाम :** सूत्रों के अनुसार शासन ने अगस्त 2021 में विजिलेंस को खुली जांच का निर्देश दिया था। जांच के लिए निर्धारित अवधि में पूर्व विधायक की कुल आय 11265635 रुपये थी, जबकि उन्होंने भरण-पोषण व संपत्तियां जुटाने में 17996526 रुपये खर्च किए। आय से अधिक 6730891 रुपये के खर्च को लेकर वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके।

**एनआरएचएम घोटाले के इन मामलों में चल रही जांच :** विजिलेंस वित्तीय वर्ष 2017-18 से लेकर वर्ष 2021-22 के बीच श्रावस्ती में एनआरएचएम घोटाले के मामले में नामजद आरोपी पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध जांच कर रही है। ऐसे ही बलरामपुर और गोंडा में एनआरएचएम घोटाले को लेकर दर्ज दो अलग-अलग मुकदमों में आरोपी पूर्व विधायक के विरुद्ध जांच की जा रही है। तीनों ही मामालों में पूर्व विधायक पर दवाओं की सप्लाई व मेडिकल उपकरणों की सप्लाई के मामलों में आर्थिक अनियमितता के गंभीर आरोप हैं। आरपी कंस्ट्रक्शन फर्म के जरिए ठेके लेकर धांधली की गई थी। विजिलेंस जांच में एक वाहन के बदले तीन वाहनों का किराया वसूले जाने, बिना काम के कमीशन देकर बिलों का भुगतान कराए जाने जैसे कई खेल पकड़े गए हैं। पूरे मामले में कई तत्कालीन सीएमओ समेत चिकित्सा विभाग के कई तत्कालीन अधिकारियों व कर्मियों की भी संलिप्तता रही है। घोटाले व धांधली के मामलों में पूर्व विधायक की पत्नी पूजा श्रीवास्तव भी आरोपी हैं।

# दूसरे विभागों के विषय भी पढ़ सकेंगे शकुन्तला विवि के छात्र

- नयी शिक्षा नीति के अनुरूप बड़ा कदम स्नातक में एमडीसी कोर्स हुए अनिवार्य
- कुलपति ने दिए विभागों को चार एमडीसी कोर्स संचालित करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब मल्टी डिसिप्लीनरी कोर्स (एमडीसी) के जरिए अन्य विषयों में भी दक्षता हासिल कर सकेंगे। अन्य विषयों के स्नातक विद्यार्थी ज्योतिष का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे, जबकि विज्ञान संकाय के छात्र कला एवं सामाजिक विज्ञान से जुड़े विषयों का अध्ययन कर सकेंगे। यह जानकारी विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने दी।

उन्होंने बताया कि कुलपति आचार्य संजय सिंह ने सभी विभागों को चार-चार मल्टी डिसिप्लीनरी कोर्स (एमडीसी) संचालित करने के निर्देश दिए हैं, जिन्हें अन्य विभागों के विद्यार्थी भी चुन सकेंगे।

**स्नातक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय सेमेस्टर में एमडीसी अनिवार्य :** प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि विश्वविद्यालय की 40वीं विद्या परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। सत्र 2026-27 से सभी विभागों की ओर से एमडीसी



और माइनर कोर्स उपलब्ध कराए जाएंगे। स्नातक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय सेमेस्टर में एमडीसी कोर्स करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कोर्स तीन क्रेडिट का होगा। इस प्रकार विद्यार्थियों को एमडीसी के माध्यम से कुल नौ क्रेडिट प्राप्त होंगे।

**हिन्दी विभाग देगा पत्रकारिता का प्रशिक्षण :** प्रो. वीरोदय ने बताया कि हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग अन्य संकायों के विद्यार्थियों के लिए पत्रकारिता प्रशिक्षण, तकनीकी नवाचारों के लिए ई-लेखन, प्रयोजनमूलक हिन्दी तथा हिन्दी के प्रयोग जैसे एमडीसी कोर्स संचालित करेगा।

**संस्कृत विभाग में अन्य विभागों के विद्यार्थी पढ़ेंगे ज्योतिष शास्त्र :** एक परिचय का अध्ययन कर सकेंगे। अर्थशास्त्र विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश इकोनॉमी : एन इंजन ऑफ ग्रोथ, नेशनल सिक्योरिटी एंड डिफेंस तथा ग्लोबलाइजेशन 4.0 जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे।

**वाणिज्य विभाग में डिजिटल मार्केटिंग, अकाउंटिंग और टैक्सेशन की पढाई :** वाणिज्य विभाग अन्य विभागों के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल मार्केटिंग, अकाउंटिंग एवं टैक्सेशन से संबंधित कोर्स संचालित करेगा। वहीं राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विभाग में अवेयरनेस ऑफ राइट्स एंड लॉ और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन इन एंशिएंट इंडिया जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे।

**इन विभागों में भी शुरू होंगे कोर्स :** अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज, सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग सहित अन्य विभागों, समाजशास्त्र विभाग, अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग, बौद्धिक अक्षमता विभाग तथा ललित कला विभाग में भी एमडीसी कोर्स संचालित किए जाएंगे।

इस बाबत कुलपति प्रो. संजय सिंह का कहना है कि एनईपी के अनुरूप विश्वविद्यालय में बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। मल्टी डिसिप्लीनरी कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने मुख्य विषय के साथ अन्य विषयों का भी अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इससे उनके ज्ञान, कौशल और रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी तथा वे भविष्य की चुनौतियों के लिए अधिक सक्षम बन सकेंगे।

# गोमती में दोस्तों संग नहाने गया युवक डूबा

- पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने काफी खोज बीन के बाद शव किया बरामद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र के काकराबाद स्थित गोमती नदी में साथियों साथ नहाने गये अठारह वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गयी। तीन घंटे बाद युवक के शव को काफी खोजबीन के बाद गोता खोरों ने खोज निकला।जबकि दो साथियों को ग्रामीणों ने डूबने से बचा लिया।

बुधवार दोपहर ढाई बजे दुबग्गा थानाक्षेत्र के महपतमऊ गांव निवासी महेश का अठारह वर्षीय बेटा जो सटरिंग का कार्य करता था। जो अपने आठ साथियों के साथ दोपहर ढाई बजे घर से गोमती में नहाने के लिए काकराबाद गांव पहुंचा था। जहां सभी साथियों ने पहले पार्टी की उसके बाद गोमती में नहाने के लिए उतरे थे। जैसे ही गोमती में नहाने उतरे तो रोहित, बबलू और आशीष पानी में डूबने लगे। ग्रामीणों ने युवकों को डूबते देख नदी में छलांग लगाई और बबलू आशीष को बचा लिया लेकिन रोहित तब तक डूब चुका था।

सूचना पाकर मौके पर पुलिस और एनडीआरएफ की टीम पहुंची और काफी खोज बीन की लेकिन सफलता नहीं मिली। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने तीन घंटे बाद रोहित के शव को गोमती से खोज निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रोहित अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। साथियों में बबलू, आशीष,के अलावा मोनू, शिवा, गरीबे, प्रदीप और ओमप्रकाश रोहित के साथ नहाने पहुंचे थे।

## दिल्ली में मौसम खराब होने से हवाई यातायात प्रभावित

**लखनऊ।** दिल्ली में मंगलवार देर रात अचानक मौसम खराब होने के कारण हवाई यातायात प्रभावित हो गया। खराब मौसम और कम दृश्यता के चलते दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने कई विमानों को लैंडिंग की अनुमति नहीं दी, जिसके बाद कुछ उड़ानों को आसपास के हवाई अड्डों की ओर डायवर्ट किया गया। इनमें तीन उड़ानें लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारी गईं।

अहमदाबाद से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की उड़ान (एआई-532) निर्धारित समय पर दिल्ली नहीं उतर सकी। इसे लखनऊ एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया गया। यह विमान रात 12:25 बजे लखनऊ एयरपोर्टपर उतरा। बाद में मौसम सामान्य होने पर यह उड़ान रात 2:15 बजे दिल्ली के लिए रवाना कर दी गई। इसी प्रकार गुवाहाटी से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स-1042) भी रात 12:37 बजे लखनऊ पहुंची और रात को 2:05 बजे यहां से रवाना कर दी गई।

# तीन दिन में 21.92 लाख अभ्यर्थियों ने दी सिपाही भर्ती परीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में सिपाही के 32,679 पदों पर भर्ती के लिए हुई लिखित परीक्षा में तीन दिनों में कुल 21,92,236 अभ्यर्थी शामिल हुए। बुधवार को तीसरे दिन भी सभी जिलों में 1183 परीक्षा केंद्रों में कड़े सुरक्षा घेरे में भर्ती परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। तीसरे दिन कानपुर, गौतमबुद्धनगर और अलीगढ़ में कूटरचित दस्तावेजों के जरिए परीक्षा में शामिल हुए तीन फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया। बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार आठ, नौ व 10 जून को दो-दो पालियों में हुई परीक्षा में 75.94 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल हुए और 24 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी।

आरक्षी नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर भर्ती-2025 : आरक्षी नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर भर्ती-2025 की परीक्षा के लिए कुल 28,86,798 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें पुरुष 19,62,561 (67.99 प्रतिशत) और महिलाओं की संख्या 9,24,237 (32.01 प्रतिशत) थी। तीन दिनों की परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से गबड़बड़ी के प्रयास करने वालों के विरुद्ध 12 मुकदमे दर्ज किए गए। नकल के प्रयास और दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने का प्रयास किए जाने के मामलों में 12 से अधिक आरोपित गिरफ्तार किए गए।

**गौतमबुद्धनगर में फर्जी अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी :** भर्ती बोर्ड के अनुसार गौतमबुद्धनगर में बुधवार को मिहिर भोज पीजी कालेज में परीक्षार्थी एटा निवासी अंकित कुमार ई-केवाईसी मिस मैच होने पर पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि वह कूटरचित आधारकार्ड बनवाकर परीक्षा में शामिल हुआ था।

# लापता 34 नाबालिग बच्चियों के मामले में हाईकोट गंभीर

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बुधवार को राजधानी में अब भी लापता 34 नाबालिग बच्चियों के मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त, लखनऊ को विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने पिछले छह माह के दौरान 227 बच्चियों की सकुशल बरामदगी का भी संज्ञान लिया । न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरी की अवकाशकालीन एकलपीठ ने बुधवार को एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। सुनवाई के दौरान पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) लखनऊ की ओर से दाखिल व्यक्तिगत शपथपत्रों में बताया गया कि बीते छह माह में अपहरण, बहला-फुसलाकर ले जाने अथवा लापता होने की कुल 261 घटनाएं दर्ज हुईं। इनमें से 227 बच्चियों को पुलिस ने खोजकर बरामद कर लिया है, जबकि 34 बच्चियों की तलाश अभी जारी है। सुनवाई के दौरान डीसीपी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अदालत में उपस्थित हुए और चल रही जांच की जानकारी दी। अदालत को बताया गया कि लापता बच्चियों की बरामदगी के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की गई है तथा पुलिस कमिश्नरेट के सभी जोनल अधिकारियों को ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। डीसीपी ने अदालत को आश्वस्त किया कि शेष मामलों की जोन स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवेचक, थाना प्रभारी या क्षेत्राधिकारी की ओर से लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से भी भरोसा दिलाया गया कि जांच में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। अंत में अदालत ने पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वह सभी 34 लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति संबंधी व्यक्तिगत शपथपत्र तीन जुलाई तक दाखिल करें।

## ट्रक की ठोकर से बाइक सवार दंपति घायल

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह ट्रक की ठोकर से बाइक सवार दंपति और उनका बच्चा घायल होने के साथ बाइक चालक का दाहिना पैर कट कर अलग हो गया। इस मामले में बिजनौर के नटकुर गांव में रहने वाली महिला माया देवी ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। माया देवी के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे पति राजेंद्र कुमार और बच्चे के साथ बाइक से परवर पूरब स्थित अपने मामा के घर भंडारे में शामिल होने जा रही थीं। तभी किसान पथ पुल के नीचे पहुंचते ही सामने से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक (यूपी-53 जीटी-3642) ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उसके पति घायल हो गए और उनका दाहिना पैर कटकर अलग हो गया।

## लविवि में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पर चर्चा

**लखनऊ।** देश की अग्रणी जल शोधन एवं पेयजल समाधान प्रदान करने वाली कंपनी के निदेशक दुर्गेश राय ने प्रो जेपी सैनी से शिष्टाचार भेंट की। लविवि के द्वितीय परिसर में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, जल संरक्षण तथा आधुनिक जल शोधन तकनीकों के प्रभावी उपयोग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल को जन स्वास्थ्य का आधार बताते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। साथ ही जल गुणवत्ता परीक्षण, जल जनित रोगों की रोकथाम तथा पर्यावरण-अनुकूल जल प्रबंधन प्रणालियों के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। प्रो. सैनी ने कहा कि शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी केवल ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना भी है।

## मिशन शक्ति : जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के गौरी में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक पूजा यादव, साधना शर्मा और सुष्मिता सिंह ने मौजूद महिलाओं को घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न तथा साइबर अपराध से बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही 1090 महिला हेल्पलाइन, यूपी डायल-112, 181, 1076, 1098, 101 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की दी।

# किशोरी के घर में ही उसके साथ दुष्कर्म

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम पड़ोस में रहने वाले किशोर ने एक किशोरी के घर में घुसकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। जानकारी होने के बाद पीड़िता की मां ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित किशोरी को मेडिकल परीक्षा के लिए भेज दिया और आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बंथरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 11 वर्षीया बच्ची कक्षा 6 की छात्रा है। मंगलवार को उसके मां-बाप मजदूरी करने गए थे। जबकि घर पर वह और उसका छोटा भाई मौजूद थे। तभी शाम करीब 5 बजे पड़ोस में रहने वाला करीब 15 वर्षीय लड़का उसके घर पहुंचा और किशोरी के छोटे भाई को कुछ रुपए देकर दुकान पर सामान लेने भेज दिया। इसके बाद उसने किशोरी को घर में अकेला पाकर उसे अपनी हवस का शिकार बना डाला और वहां से चला गया। बाद में जब पीड़ित किशोरी का छोटा भाई घर पहुंचा। तब उसने अपने भाई को पूरी आपबीती बताई ।वहीं शाम को जब किशोरी की मां मजदूरी कर वापस घर पहुंची, तब किशोरी और उसके भाई ने अपनी मां को पूरे मामले से अवगत कराया। इसके बाद किशोरी की मां ने आरोपी के परिजनों से शिकायत करने के साथ घटना की सूचना बंथरा पुलिस को दी।

## 17 शिक्षकों के चयन को मिली मंजूरी

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. अजय तनेजा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय की 40वीं कार्यपरिषद की बैठक हुई। बैठक में विवि के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं संस्थागत विकास से जुड़े प्रस्तावों पर विचार-विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान विश्वविद्यालय की वर्तमान प्रगति, शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान एवं नवाचार कार्यक्रमों तथा भविष्य की विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यपरिषद ने विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध संस्कृति के संवर्धन तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने पर विशेष बल दिया। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय विश्वविद्यालय की स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत विभिन्न विभागों में संविदा आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित रहा। कार्यपरिषद ने कुल 17 शिक्षकों के चयन का अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में विश्वविद्यालय की प्रस्तावित कृत्रिम बुद्धिमत्ता नीति पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

# आपदा प्रबंधन के लिए 'स्मार्ट ट्रैफिक मॉडल' विकसित

- लविवि के छात्रों ने प्लास्टिक से ईंधन बनाने वाली बनायी सस्ती मशीन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के छात्रों ने दो ऐसे अनूठे और किफायती तकनीकी मॉडल विकसित किए हैं, जो आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की दिशा में बड़े गेम-चेंजर साबित हो सकते हैं। प्राकृतिक आपदाओं और हाईवे निर्माण में मददगार 'स्मार्ट ट्रैफिक मॉडल' इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के छात्र-छात्राओं– मुस्कान, गौरव, अमित और आयुष ने डॉ. मनोज कुमार जैन के निर्देशन में एक विशेष ट्रैफिक मॉडल तैयार किया है।

यह मॉडल पहाड़ी रास्तों के अंधे मोड़ों, प्राकृतिक आपदाओं और हाईवे निर्माण के समय यातायात को सुरक्षित बनाएगा। इसमें आरडिनो नैनो और लॉग रेंज तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे मोबाइल नेटवर्क या इंटरनेट ठप होने पर भी यह लंबी दूरी तक काम करता है। पूरी तरह सोलर पैनल से संचालित होने के कारण यह बिजली संकट वाले सुदूर क्षेत्रों में भी चालकों को दुर्घटनाओं के प्रति पहले ही सचेत कर देगा। कचरा प्रबंधन में क्रांतिः न्यूनतम लागत में प्लास्टिक से कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) का उत्कृष्ट विकल्प

लखनऊ विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्रों इरम जेया, वत्सल विश्वकर्मा, सुमित सिंह, प्रियांशु और गौरव रावत ने डॉ. प्रवीण कुमार राय के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। इन छात्रों ने अत्यंत न्यूनतम लागत में एक 'मिनी पायरोलिसिस रिएक्टर' का निर्माण किया है, जो प्लास्टिक कचरे से कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) का विकल्प तैयार करता है।

उल्लेखनीय है कि बाजार में इस तरह की मशीनों की कीमत कई लाख रुपये से अधिक होती है। यह मशीन एचडीपीई और एलडीपीई प्लास्टिक कचरे को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर, ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में उसे 350 डिग्री सेलसियस से 500 डिग्री सेलसियस के तापमान पर गर्म करती है। इस प्रक्रिया से उत्पन्न होने वाली हाइड्रोकार्बन गैस कंडेनसर (संघनित्र) से होकर गुजरती है और तरल ईंधन में परिवर्तित हो जाती है।

छात्रों की इस उत्कृष्ट शोध परियोजना को हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कानपुर में आयोजित चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कैमटेक्नोवा 2026 में प्रस्तुत किया गया, जहां इसकी व्यापक स्तर पर सराहना हुई। वर्तमान में, यह महत्वपूर्ण शोध पत्र प्रतिष्ठित 'कैम्ब्रिज स्कॉलर पब्लिकेशन' में प्रकाशन हेतु प्रस्तावित है। इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता (डीन) प्रो. सतेन्द्र पाल सिंह ने छात्रों की इस असाधारण उपलब्धि की सराहना की। यह तकनीक न केवल आपदा के समय लोगों की जान बचाने में उपयोगी साबित होगी, बल्कि प्लास्टिक प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौती से निपटने में भी एक 'गेम-चेंजर' बनकर उभरेगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मे मेरा नाम आशा देवी था जिसे बदलकर मैंने आशा देवी अग्रवाल कर लिया है। भविष्य मे मुझे आशा देवी अग्रवाल नाम से जाना पहचाना जाए। **आशा देवी अग्रवाल पत्नी श्री गोविंद प्रसाद अग्रवाल नि.- 409, रोहित पैराडाइस, ए.पी.सेन रोड, चारबाग, लखनऊ।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र का नाम निहान ऐश (Nihan Aaish) से बदल कर निहान यादव (Nihan Yadav) कर लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड व सभी सरकारी अभिलेखों में निहान यादव (Nihan Yadav) दर्ज किया जाये। अनिल कुमार यादव पुत्र हीरा यादव, नि.-87, भैसहा, राजा टोला, कुशीनगर, डुमरी, कुशीनगर उ.प्र.

**सूचना**

सूचित हो कि आपकी शाखा में खाता संख्या-18860100033786 में मेरा नाम सरवन कुमार अंकित है जबकि वास्तविक एवं सही नाम सरमन सिंह है। सरमन सिंह नाम ही अन्य प्रपत्रों में दर्ज है। सरमन सिंह एवं सरवन कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम हैं। सरमन सिंह पुत्र पूरन नि.-बी-161 प्रगति विहार, कल्याणपुर, विकास नगर, लखनऊ

## विवाहिता ने लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके के पुराना सरदारी खेड़ा निवासी विवाहिता ने अपने पति और सास पर दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। मूल रूप से मूल रूप से ख्वाजा दोस्त, सदर जनपद जौनपुर निवासी इशिका कौर ने बताया उसका विवाह 6 फरवरी 2022 को जौनपुर निवासी अमरजीत सिंह से हुआ था। उसका एक दो वर्षीय पुत्र है। आरोप है कि विवाह उपरांत पति अमरजीत सिंह और सास प्रीतम कौर दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे । लेकिन 24 दिसंबर 2025 को पति द्वारा मारपीट के प्रयास के बाद वह मायके आ गई। वहीं विवाहिता का कहना था लखनऊ छोड़ने के दौरान कार में सास ने अभद्रता करते हुए थप्पड़ भी मारे और उसके कपड़े, नकदी और जेवर अपने पास रख लिये।

**PUBLIC NOTICE**

I, Yogendra Kumar/ Sarita Devi, S/o Hiralal Yadav, R/o will- Sonda, GautamPuri colony Deoria-1, Lost MOU dated 04-03-2025 Against customer ID ZLBS/ 264 respectively issued by Be Together Developers Pvt. Ltd. is misplaced somewhere any person who finds it please return it to omaxe ltd. at - omaxe ltd. Cyber Tower 2nd floor TC- 34/ V2, Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow or call 9935092305

# पुलिस महानिदेशक से मिले ट्रेनी आईपीएस , दी कानून व्यवस्था की जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पुलिस मुख्यालय में भारतीय पुलिस सेवा के 77वें आरआर (2023-24 बैच) के यूपी कैंडर के 29 सप्ताह के व्यावहारिक प्रशिक्षण पर आये 23 परिवीक्षाधीन प्रशिक्षु अधिकारियों (ट्रेनी) ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण से शिष्टाचार भेंट की।

भेंटवार्ता के दौरान पुलिस महानिदेशक ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों से क्रमवार परिचय प्राप्त किया तथा जनपदों में आयोजित उनके व्यावहारिक प्रशिक्षण के अनुभवों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने-अपने प्रशिक्षण काल के दौरान अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था प्रबंधन, साइबर अपराधों की विवेचना एवं रोकथाम, फॉरेंसिक विज्ञान के उपयोग, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता सहित नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन, यातायात प्रबंधन, वीवीआईपी भ्रमणों के प्रबंधन, ई-साक्ष्य के उपयोग, न्यू एज टेक पुलिसिंग तथा अन्य पुलिसिंग संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर प्राप्त अनुभवों को साझा किया।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस के विभिन्न जनपदों में उन्हें व्यावहारिक एवं बहुआयामी प्रशिक्षण प्राप्त हुआ, जिससे पुलिसिंग के विविध आयामों को समझने और वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता विकसित हुई। फील्ड में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण व्यवस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस अनुभव ने उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए अधिक सक्षम और आत्मविश्वासी बनाया है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों के जिज्ञासा भरे प्रश्नो को ध्यानपूर्वक सुनकर अपने दीर्घ प्रशासनिक एवं पुलिसिंग अनुभव के आधार पर व्यावहारिक और मार्गदर्शी उत्तर दिया गया ।

पुलिस महानिदेशक ने अपने सम्बोधन में कहा कि व्यवहारिक प्रशिक्षण भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के लिए अत्यंत विशिष्ट होता है क्योंकि अधिकारी की पुलिस के बारे में जो धारणा सेवा में आने के पहले होती है, उसमें बहुत परिवर्तन आता है। वो अनुभव करते हैं कि पुलिस किन कठिन और पेचीदा परिस्थितियों में कार्य करती है। पुलिस समाज के लिए क्यों अपरिहार्य है, इसकी समझ विकसित होती है। पुलिसिंग में व्यवहारिक मूल्य तो महत्वपूर्ण होते ही हैं किंतु पुलिसिंग का आधार व्यवसायिक दक्षता, कौशल और ज्ञान है। ये सभी पक्ष साथ-साथ चलते हैं। पूर्व में अन्य क्षेत्रों में सेवारत रही प्रशिक्षु अधिकारी अपने पूर्व अनुभवों से अपने कार्य को और भी अधिक गुणवत्ता प्रदान कर सकते हैं।

न्याय संहिता, ई-साक्ष्य और बढ़ते साइबर अपराधों ने पुलिस के सम्मुख नई चुनौतियां प्रस्तुत की हैं और इनके लिए पुलिस अधिकारी में व्यवसायिक दक्षता, ज्ञान और कौशल की महत्ता कहीं अधिक बढ़ गई है। पुलिस के कार्य में विधि द्वारा स्थापित प्रक्रियाओं का अनुपालन अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी से उचित और वांछित परिणाम प्राप्त होते हैं। अपने कार्य और आचरण में बहुत सावधानी और गंभीरता रखें क्योंकि आपकी छवि ही भविष्य में आपकी प्रगति निर्धारित करेगी। विगत 7-8 वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस की जनशक्ति और संसाधनों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। जनशक्ति को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। पुलिसिंग का सार है- जनसुनवाई। ये बहुत संतोष का विषय है कि प्रशिक्षु अधिकारिओं ने अपनी सेवा की शुरूआत में ही इसका महत्व समझ लिया।

इस जनसुनवाई को जितनी आधारभूत स्तर के पुलिसबल तक आप ले जा सकेंगे, आप उतना ही बड़ा परिवर्तन पुलिसिंग में देख पाएंगे। आगामी अगस्त माह में जब सभी प्रशिक्षु अधिकारी अपना प्रशिक्षण पूर्ण करके सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनाती पाएंगे, तो न्याय संहिता का अनुपालन, ई-साक्ष्य का प्रयोग, साइबर क्राइम और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां आपके सम्मुख अत्यंत महत्वपूर्ण चुनौतियां होंगी। अंत में कहा कि आप सभी यह धारणा अपने में स्थापित कर लें कि आप एक नौकरी में नहीं, एक सेवा में हैं।

कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ केएस इमैन्युअल, पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण देव रंजन वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## 20 हजार का इनामी हम्बीर गिरफ्तार पैर में लगी गोली

**मथुरा।** मथुरा पुलिस और रिवार्डिड टीम ने एक संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 20 हजार रुपए के इनामी बदमाश हम्बीर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि थाना बलदेव क्षेत्र के अंतर्गत नगला उदय सिंह का रहने वाला 28 वर्षीय शातिर अपराधी हम्बीर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। इस इनपुट पर तुरंत कार्रवाई करते हुए बलदेव थाना पुलिस और रिवार्डिड टीम ने दौलतपुर अंडरपास सर्विस रोड पर सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। बीतीरात करीब 9:05 बजे जब पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक (हम्बीर) को रोकने का प्रयास किया, तो उसने खुद को घिरा देख पुलिस पर सीधे तमंचे से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने सूझबूझ दिखाते हुए आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की, जिसमें एक गोली बदमाश के बाएं पैर में लगी और वह वहीं ढेर हो गया। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में मौके से दबोच लिया और उसके उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, दो खोखा कारतूस बरामद किए है।

## किसानों का गोकुल बिजलीघर पर घेराव

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष महावन नीरेश कोयड़ एवं जिला उपाध्यक्ष मथुरा हरिओम यादव के नेतृत्व में क्षेत्रीय किसानों ने विद्युत आपूर्ति की गंभीर समस्याओं को लेकर गोकुल बिजलीघर का घेराव किया। किसानों का आरोप था कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है, जिससे खेती-किसानी का कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। घेराव के दौरान गोकुल बिजलीघर पर कार्यरत एसएसओ द्वारा दावा किया गया कि क्षेत्र में प्रतिदिन 18 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। इस पर किसानों ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि वास्तविकता में मात्र 2 से 4 घंटे ही बिजली मिल रही है। किसानों ने उपभोक्ताओं के मीटरों की एमआरआई रिपोर्ट की जांच की मांग की, जिस पर विभागीय अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और चुप्पी साध गए। विद्युत विभाग की कार्यशैली से नाराज किसानों ने विरोध स्वरूप एसएसओ को अपने बीच बैठाकर धरना जारी रखा। सूचना मिलते ही उपखंड अधिकारी लक्ष्मीनगर एवं अधीक्षण अभियंता गोकुल बिजलीघर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा दो दिन के भीतर एक ठोस कार्ययोजना बनाकर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान तहसील महावन से नायब तहसीलदार भी मौके पर पहुंचीं और किसानों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने आंदोलन स्थगित किया। किसानों को संबोधित करते हुए भाकियू (टिकैत) के प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी मध्य प्रदेश गजेंद्र परिहार ने बिजली विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र एवं स्थायी समाधान नहीं किया गया तो संगठन गोकुल बिजलीघर पर विशाल आंदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होगा

# करें योग-रहें निरोग : डीएम

### 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम- स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग



**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में 12वाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस तथा 15 से 21 जून 2026 तक योग सप्ताह मनाए जाने के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई संपन्न। डीएमने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को जन-जन तक पहुंचाने वअधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जाएं। डीएम ने बताया कि 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है।

बैठक के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा योग के विभिन्न मुद्रा, आसान एवं विधि को किया गया। आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित 5 मिनट के वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल के अंतर्गत योग प्रशिक्षक नीरज अरोरा द्वारा ताड़ासन, कटी- चक्रासन, अनुलोम विलोम, स्कंध चक्रासन, उत्तान - मंडूक आसान कराया गया। डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में, जिला विद्यालय निरीक्षक को स्कूलों व कॉलेजों में, जिला पंचायत राज अधिकारी को समस्त ग्रामों में, नगर निगम को घाटों, प्रमुख मंदिरों, पार्कों में तथा मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण को सोसाइटी/रेजिडेंशियल क्षेत्रों में योग कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए। बैठक में योग दिवस के मुख्य आयोजन स्थल, प्रतिभागियों की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, प्रचार-प्रसार तथा अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

डीएम ने कहा कि योग अपनाएं - स्वस्थ जीवन पाएं, हर दिन योग - हर पल निरोग, योग बने जीवन का आधार - स्वास्थ्य रहे सदा साकार, योग से तन स्वस्थ - मन प्रसन्न, योग है स्वास्थ्य का संकल्प - जीवन का सर्वोत्तम विकल्प, एक कदम योग की ओर - स्वस्थ और सुखी जीवन की ओर आदि टैग लाइन के माध्यम से लोगों को जागरूक करे तथा योग हेतु प्रेरित करे। डीएम ने नागरिकों से अपील की है कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तथा स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं। योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य विरासत है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास एवं जीवन में संतुलन स्थापित करने में भी सहायक है। बैठक में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी डॉ. डिगम्बर सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय , अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारीआदि मौजूद रहे।

# निर्यातकों को आ रही समस्याओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी

**फिरोजाबाद।** डीएम संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय निर्यात समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित जनपद के निर्यातकों को आ रही समस्याओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित राजेंद्र गुप्ता, निर्यातक एसो. द्वारा कॉच उद्योग विकास केन्द्र के साथ आ रही कठिनाईओं के बारे में अध्यक्ष को अवगत कराया गया। अध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित रोहित कुमार कॉच विशेषज्ञ, कॉच उद्योग विकास केन्द्र फिरोजाबाद को उक्त समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिये तथा प्रभारी कॉच उद्योग विकास केन्द्र एवं संबंधित निर्यातकों की उपस्थिति में कॉच उद्योग विकास केन्द्र का शीघ्र ही निरीक्षण करने के लिए कहा गया। तथा निदेशक कॉच उद्योग विकास केन्द्र की तैनाती हेतु पत्राचार करने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक में निर्यातकों ने मिनी औद्योगिक आस्थान उसायनी में ईपीसीएच की टेस्ट लैब की स्थापना भूमि आंवटन कराने का अनुरोध किया , जिस पर अध्यक्ष द्वारा उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये गये कि वह अपने स्तर से पत्राचार करते हुए भूमि आवंटन सम्बन्धी प्रकिया प्रारम्भ करें। बैठक में उपस्थित निर्यातकों द्वारा गैस की कटौती के कारण बढ़ाई गयी दरों के सम्बन्ध में बिन्दु उठाये गये। जिस पर अध्यक्षा ने वर्तमान में चल रहे वैश्विक संकट के बारे में बताया तथा अग्रिम एवं उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। निर्यातकों ने निर्यात प्रोत्साहन ब्यरों द्वारा संचालित ईजीसीजी योजना में लाभ न मिलने के संबंध में अवगत कराया। जिस पर अध्यक्ष ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि वह निर्यात प्रोत्साहन ब्यरों में संपर्क कर समस्या का समाधान कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने निर्यातकों इलेक्ट्रिक फर्निश का इस्तेमाल कर उत्पाद बनाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा भविष्य में विद्युत विभाग एवं यूपीनेडा के साथ समन्वय कर इकाईयों को उचित लाभ दिलाने का आश्वासन दिया गया। अन्त में डीएम ने निर्यातकों से उनकी समस्याओं व उनके सुझाव भी उपलब्ध कराने का आह्वान किया जिससे निर्यातकों की समस्याओं का निराकरण किया जा सके। बैठक में श्रीमती संध्या ने निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में प्रस्तुतिकरण से सदन को अवगत कराया बैठक में शत्रोहन वैश्य सीडीओ अरविन्द द्विवेदी एडीएम न्यायिक, उपायुक्त उद्योग, जिला अग्रणी प्रबंधक उपायुक्त वाणिज्य कर डीडीएम नाबार्ड, डीजीएफटी कानपुर के प्रतिनिधि तथा जनपद के प्रमुख निर्यातक उपस्थित रहे।

# मस्जिद में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाला मौलाना मुठभेड़ में गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ़ पुलिस टीम ने बच्ची के साथ मस्जिद में गलत काम करने व जान से मारने की धमकी देने वाले अभियुक्त मौलाना जाकिर हाफिज को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी जिसे घायल अवस्था में इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती करा पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की है। दिनांक 07.06.2026 को दिन में समय करीब 03 बजे बच्ची मस्जिद में लगे ठंडे पानी के वाटर कूलर से पानी भरने के लिए गई थी, तभी मस्जिद में मौलाना जाकिर हाफिज पुत्र बाबू खाँ निवासी दीदामई नूरनगर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद ने बच्ची को अकेला देखकर जबरन पकड़ लिया और मुँह दबाकर अपने कमरे में ले गया और बच्ची के साथ जबरदस्ती गलत काम किया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। बच्ची की मां की तहरीर पर थाना रामगढ़ पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में बुधवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि जाकिर हाफिज अपराधी कहीं भागने की फिराक में है। पुलिस टीम द्वारा प्रभावी दबिश दी गयी जिसमें पुलिस को नजदीक आता हुआ देखकर अभियुक्त हाफिज जाकिर द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम के ऊपर फायर कर दिया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से अभियुक्त घायल हो गया। घायल अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 02 खोखा कारतूस व 02 जिंदा कारतूस बरामद हुए। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया। और अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

## अंबेडकर विवि में गोल्ड मेडल धांधली पर एवीबीपी का हल्ला बोल, परीक्षा नियंत्रक के इस्तीफे की मांग

**आगरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, आगरा महानगर ने डॉ. भीमराव अंबेडकर विवि में गोल्ड मेडल एवं मेरिट निर्धारण प्रक्रिया में हो रही गंभीर अनियमितताओं के विरोध में आज कुलपति को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। एवीबीपी का आरोप है कि विवि में कुछ विद्यार्थियों के अंक असामान्य रूप से बढ़ाकर उन्हें गोल्ड मेडल दिलाया जा रहा है, जबकि मेधावी विद्यार्थी पीछे रह गए हैं। परिषद ने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत अन्याय नहीं बल्कि संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। इकाई अध्यक्ष शिवम कोली ने कहा, विवि में धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोल्ड मेडल केवल मेहनत और प्रतिभा के आधार पर मिलना चाहिए, न कि किसी विशेष कृपा से। मेधावी छात्रों के अधिकारों का हनन किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं है।₹ प्रांत राज्य विवि संयोजक नितिन दुबे ने कहा, ₹छात्रों के साथ अन्याय और विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार सहन नहीं किया जाएगा। यदि मांगे पूरी नहीं हुईं तो विवि का घेराव बड़े पैमाने पर किया जाएगा। प्रशासन को छात्र शक्ति की ताकत का अंदाजा नहीं है। विभाग संयोजक दीपक कश्यप ने कहा हम छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। यह लड़ाई अंतिम परिणाम तक जारी रहेगी जब कॉपी रीचेक करने का प्राबधान नही हे तो कॉपी रीचेक कैसे हुई। अभाविप की प्रमुख मांगों में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले तथा मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थियों के अंकों में हुए सभी संशोधनों की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। सार्वजनिक किया जाए कि किन विद्यार्थियों के अंक बढ़ाए गए, कितने बढ़ाए गए तथा किन नियमों के अंतर्गत बढ़ाए गए। जांच पूरी होने तक गोल्ड मेडल प्रदान करने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। मेरिट एवं गोल्ड मेडल चयन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, उत्तरदायी एवं डिजिटल निगरानी के अंतर्गत लाया जाए। विवि की परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली का स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए। इस अवसर पर रजत जोशी जी, शिवांग खंडेलवाल, अशवानी जाट, विवेक सिंह, जितेंद्र चौधरी, आयुष कश्यप, हर्ष, धीरज, कपिल, कनक, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संस्कृति विवि के छात्रों का सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनी में हुआ चयन



**मथुरा।** भारत की प्रसिद्ध सॉफ्टवेयर डवलपमेंट कंपनी कॉक्सफ्यूचर टेक्नोलॉजी प्रा.लि. ने संस्कृति विवि में प्लेसमेंट के दौरान 16 विद्यार्थियों का चयन अपनी कंपनी के लिए किया है। कंपनी ने इन विद्यार्थियों को बिजनेज डवलपमेंट एक्सीक्यूटिव, आईटी सेल एक्सीक्यूटिव, पीएचपी डवलपर, फ्लटर डवलपर और एंड्रायड डवलपर के पद पर नियुक्ति दी है। विद्यार्थियों के इस चयन पर संस्कृति विवि प्रशासन ने हर्ष व्यक्त करते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

संस्कृति विवि के प्लेसमेंट एंड ट्रेनिंग विभाग के डाइरेक्टर सुबनोय ताल्लुकदार ने बताया कि कंपनी द्वारा त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया के बाद वी.टेक. के अर्पित कुमार, माधव सिंह, अशोक पांडे, नंदिता मिश्रा, संजना सोलंकी, दीक्षा सिंह, दीक्षा सिंह, उमेश पांडे, बीबीए के विद्यार्थी उमेश पांडे, बी.टेक. की छात्रा गौरांशी गुप्ता, एमबीए के छात्र राजकुमार, सेजल सिंह, कुमकुम सारस्वत, हर्षिता सक्सेना, बीबीए की छात्रा रूपांक्शी, अर्पित कुमार, अंस्लीब हसन को अपने यहां नौकरी दी गई है। कंपनी कॉक्सफ्यूचर टेक्नोलॉजी प्रा.लि. के एचआर विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी भारत में स्थित एक आईटी और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनी है। इसकी स्थापना मनीष चैधरी द्वारा की गई है। कंपनी कस्टम सॉफ्टवेयर समाधानों में विशेषज्ञता रखती है, जिसमें वेब डेवलपमेंट, एंड्रायड, आईओएस, मोबाइल ऐप डेवलपमेंट, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और एसएएएस प्रोडक्ट इंजीनियरिंग शामिल हैं। यह कंपनी स्टार्टअप और स्थापित उद्यमों दोनों के लिए स्केलेबल डिजिटल उत्पाद बनाती है तथा फिनटेक, हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक, एजूकेशन और सोशल नेटवर्किंग जैसे उद्योगों को सेवाएँ प्रदान करती है। संस्कृति विवि की सीईओ मीनाक्षी शर्मा, कुलपति डा. एमबी चेट्टी ने विद्यार्थियों के इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## जैतपुर प्रधान हत्याकांड, मुठभेड़ के बाद अब तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी, कई अभी फरार

**आगरा।** आगरा में थाना जैतपुर क्षेत्र में प्रधानी चुनाव की पुरानी रंजिश में हुए चर्चित अवनीश यादव हत्याकांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी इंद्राराज पुत्र राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी सर्विलांस सेल, एसओजी और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर शाहपुर गुर्जर मार्ग से की। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हत्याकांड में नामजद अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस के मुताबिक, जैतपुर क्षेत्र में प्रधानी चुनाव को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश के चलते अवनीश यादव और उनके भाई पर जानलेवा हमला किया गया था। इस हमले में अवनीश यादव की मौत हो गई थी, जबकि उनके भाई को भी गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद क्षेत्र में काफी तनाव का माहौल बन गया था और पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीमों का गठन किया था। इससे पहले संयुक्त पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों कृष्णा यादव और शिव प्रताप उर्फ गेंदा को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के समय आरोपी शिव प्रताप ने एक दरोगा की सरकारी रिवाल्वर छीन ली थी और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से हथियार भी बरामद किए गए थे। पुलिस का कहना है कि हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा और मामले में कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## भाजयुमो नेता शैलू पंडित पर जानलेवा हमले में आसिफ बेग दोषी करार, उम्रकैद की सजा

**आगरा।** वर्ष 2022 में चर्चा में रहे भाजयुमो नेता शैलू पंडित पर हुए जानलेवा हमले के मामले में आगरा की विशेष अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने मामले के मुख्य आरोपी आसिफ बेग को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई है। वहीं सह-आरोपी शाहिद बेग समेत अन्य आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य न मिलने के कारण बरी कर दिया गया। यह मामला 24 फरवरी 2022 को थाना शाहगंज क्षेत्र का है, जब भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के महानगर अध्यक्ष शैलू पंडित पर जानलेवा हमला किया गया था। आरोप था कि हमलावरों ने फायरिंग और मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद क्षेत्र में भारी तनाव का माहौल बन गया था और मामला राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बना रहा। घटना के संबंध में पुलिस ने हत्या के प्रयास, फायरिंग, मारपीट और एससी/एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया और लंबे समय तक मुकदमे की सुनवाई चली। करीब चार वर्षों तक चले न्यायिक परीक्षण के दौरान अभियोजन पक्ष ने कई गवाह और साक्ष्य अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने आसिफ बेग को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। वहीं अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप सिद्ध न होने पर उन्हें संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया। अदालत के इस फैसले को मामले में एक अहम पड़ाव माना जा रहा है।

# सीएम आवास योजना ग्रामीण में जिला फिरोजाबाद का प्रदेश में प्रथम स्थान

**फिरोजाबाद।** नवागत डीएम संतोष कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन और दृढ़ नेतृत्व में जनपद फिरोजाबाद ने मुख्यमंत्री आवास योजना में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की जारी राज्य स्तरीय संचयी रिपोर्ट के अनुसार जनपद को कुल 1260 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 1260 आवास स्वीकृत किए, इनमें से 1253 आवास पूरी तरह से निर्मित किए जा चुके है, जो कुल लक्ष्य का 99.44 प्रतिशत है। यह प्रदर्शन साफ दर्शाता है कि यदि प्रशासनिक अधिकारियों के अन्दर गरीबों के लिए सच्ची संवदेनशीलता हो और मन में यह चाहत हो कि हमें अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, तो इस तरह की अभूतपूर्व और गौरवशाली उपलब्धि निश्चित रूप से देखने को मिलती है। जनपद की इस गौरवमयी सफलता पर डीएमें ने कहा कि एक गरीब के लिए उसका अपना पक्का घर सिर्फ ईंट-गारे की दीवारें नही होती, बल्कि उसके जीवन के सबसे बडी सुरक्षा,सम्मान और खुशियों का आधार होता है। हमारा प्रयास केवल कागजी आकंडों कों छूना नही था,बल्कि मुख्यमंत्री के उस विजन को धरातल पर उतारना था, जिससे समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खडे.व्यक्ति के जीवन में प्रकाश आ सके। मुझे गर्व है कि मेरी पूरी टीम ने पूरी संवेदनशीलता व सेवा भाव के साथ काम किया, जिसके फलस्वरूप आज 1253 गरीब परिवारों को उनकी छत नसीब हुई है। इस बडी सफलता का श्रेय सीडीओ शत्रोहन वैश्य के सघन निरीक्षण, पीडीडीआरडीए सुभाष चंद्र त्रिपाठी की कर्मठता तथा जनपद के समस्त बीडीओ व फिल्ड स्टाफ की दिन-रात की कडी मेहनत को जाता है। प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल और समयबद्ध समीक्षा के कारण ही आज फिरोजाबाद प्रदेश के जनपदों को पछाड़ कर शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहा है। ब्लॉक वार प्रगति रिपोर्ट की बात करें तो अरांव ब्लॉक को 137 का लक्ष्य मिला था,एका ब्लॉक को में 158,जसराना को 116,शिकोहाबाद को 167 व टूंडला को 108 आवासों का लक्ष्य मिला था, जहां पर शत प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके है, जबकि नारखी को 232 आवासों का लक्ष्य मिला था, जहां पर 230 आवास पूर्ण हो चुके है, मदनपुर को 149 का लक्ष्य मिला था जहां पर 147 आवास पूर्ण हो चुके है, खैरगढ़ का 31 आवासों का लक्ष्य मिला था, जहां 30 आवास पूर्ण हो चुके है, जबकि फिरोजाबाद को 162 आवासों का लक्ष्य मिला था, जिसमें 160 आवास पूर्ण हो चुके है। डीएम ने कहा शेष आवासों को भी शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे गरीबों को आश्रय मिल सके।




# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ

**टूण्डला।** ग्राम बन्ना में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रद्धा भक्ति और उत्साह से ओत-प्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं कलश कन्याओं ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार भक्ति गीतों और भगवान के जयघोष से पूरा क्षेत्र धर्ममय वातावरण में रंग गया।कलश यात्रा फ्रेंड्स कॉलोनी, बन्ना से प्रारंभ होकर बन्ना रोड, बन्ना आश्रम सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल तक पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ते रहे। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर निकाली गई यात्रा आकर्षण का केंद्र रही। श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन श्रीमती छोटी देवी के सौजन्य से किया जा रहा है। कथा का वाचन परम पूज्य पूनम शास्त्री द्वारा किया जाएगा। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति, धर्म और सनातन संस्कृति के आदर्शों का विस्तृत वर्णन किया जाएगा। आयोजन में परीक्षित के रूप में मनोज यादव एवं विमलेश यादव तथा यज्ञपति के रूप में किशन यादव एवं इश्लेष यादव को दायित्व सौंपा गया है। वहीं भूरी सिंह एवं सनोज यादव भी आयोजन व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सभी ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कथा महोत्सव की सफलता तथा क्षेत्र के सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।नगर भ्रमण के उपरांत कलश यात्रा कथा पंडाल पहुंचकर संपन्न हुई, जहां वैदिक मंत्रोच्चार व धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ कराया गया।

## जनहित की समस्याओं को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष मुख्यमंत्री से मिले



**फिरोजाबाद।** भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने टूंडला ओर फिरोजाबाद की जनहित की समस्याओं ओर सड़क निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से परिवार सहित मुलाकात की ओर स्मृति चिन्ह भेट किया परिवार में मिलने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह पत्नी रश्मि सिंह पुत्री देविका सिंह पुत्र नलिन प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज से मुलाकात की भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुख मांगो में फिरोजाबाद के विधानसभा टूंडला में ग्रामसभा नागऊ एन एच 19 से बाबा नीम करोरी जी के जन्म स्थान तक 2 किलोमीटर दूरी तक सड़क पक्की करने, चिकित्सा व्यवस्था सौन्दर्यीकरण कराने के संबंध में, टूंडला एटा मार्ग को फोर लेन में परिवर्तित करने के सम्बन्ध में,जसराना विधानसभा में एटा शिकोहाबाद मार्ग बाईपास, फिरोजाबाद के कस्बा पाढ़म में नगर पंचायत बनाने के संबंध में, जनपद में नगर निगम फिरोजाबाद नगर पालिका टूंडला, एवं शिकोहाबाद तथा नगर पंचायत फरिहा, जसराना, मक्खनपुर, सिरसागंज,में तालाबो,नालो के रोडो का विकास एवं सौंदर्यीकरण करने के संबन्ध में,जनपद फिरोजाबाद के चंद्रवाड किले के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार एवं वन विभाग की खाली पड़ी भूमि में पार्क एवं सफारी विकसित करने के सम्बन्ध मे , आगरा मेट्रो रेल परियोजना का टूंडला जंक्शन तक विस्तार करने के संबन्ध में इन सभी प्रमुख योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री जो ज्ञापन दिया ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज ने जल्द से जल्द इन सभी प्रमुख योजनाओं को शुरू होने का आश्वासन दिया भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री फिरोजाबाद की चहुओर विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है ओर गांवों ओर नगरों को सड़क मार्ग से जोड़ने का कार्य प्रमुख रूप से किया जा रहा है।

## नगर निगम की वायरल चैट से मचा हड़कंप भुगतान से पहले 'एडवांस कमीशन' की मांग

**आगरा।** नगर निगम के लेखा विभाग में भुगतान के बदले कथित कमीशन मांगने का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक व्हाट्सएप चैट में नगर निगम के एक चेक बाबू और ठेकेदार के बीच हुई बातचीत ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि बकाया भुगतान जारी करने से पहले एडवांस में रकम मांगी गई। वायरल चैट के आधार पर जयपुर हाउस निवासी सत्य प्रकाश ने 26 मई को मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप से शिकायत की थी। शिकायत में उन्होंने चेक बाबू मनोज सेंगर और अपने बीच हुई बातचीत को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया। चैट में भुगतान से पहले 'सेटिंग' और एडवांस राशि की मांग किए जाने का दावा किया गया है। मामले को गंभीर मानते हुए मंडलायुक्त ने अपर नगरायुक्त शिशिर कुमार को जांच सौंपी है। उनसे पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तलब की गई है। जांच के बाद दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। नगर निगम पहले से ही 1500 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं को लेकर सवालों के घेरे में है। इसके अलावा हाल ही में हुई नगर निगम सदन की बैठक में पार्षदों ने डीजल चोरी के आरोपों को लेकर भी प्रशासन को घेरा था। ऐसे में नया मामला सामने आने से निगम की कार्यशैली एक बार फिर चर्चा में आ गई है। उधर, शिकायत में नाम आने के बाद चेक बाबू मनोज सेंगर ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि उन्हें जानबूझकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। जांच रिपोर्ट पर हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो नगर निगम के लेखा विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा खुलासा हो सकता है।

- **मंडलायुक्त ने बैठायी जांच, लेखा विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

# विकास, विश्वास व राष्ट्र निर्माण के 4399 स्वर्णिम दिन

- **श्रीकृष्ण जन्मभूमि में भाजपा महानगर द्वारा विशेष पूजन एवं भजन संध्या आयोजित**

**मथुरा।** बुधवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र सेवा के 4399 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा महानगर द्वारा मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मभूमि केशव देव मंदिर परिसर में विशेष पूजन-अर्चन ङ्ग भजन संध्या कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगलकामना करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज भारत वैश्विक नेतृत्व क्षमता के साथ आत्मविश्वास पूर्वक आगे बढ़ रहा है। जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अग्रसर है। गरीब कल्याण, युवाओं के सशक्तिकरण, महिला सम्मान तथा आधुनिक आधारभूत संरचना के माध्यम से देश नई उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है।जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने कहा कि बीते 4399 दिन केवल एक कार्यकाल नहीं, बल्कि सेवा, संकल्प और राष्ट्र निर्माण का स्वर्णिम अध्याय हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चैथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है तथा देश विकास, आत्मनिर्भरता और आत्मगौरव की नई गाथा लिख रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व में एक सशक्त, सक्षम और निर्णायक राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं भाजपा कार्यकताओं ने भजन संध्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना की। भक्ति संगीत और जयघोषों से संपूर्ण मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल सोहन लाल शर्मा कातिब महानगर मंत्री पूजा चैधरी दीपक गोला जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा मंडल अध्यक्ष राजू चैधरी नितिन कौशिक हाकिम सिंह टीटू लोकेश तायल पार्षद नीरज वशिष्ठ नरेश शर्मा बब्बू आकाश पचैरी महावीर प्रधान अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।



